**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ**

**(तिथि 1 अगस्त 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कल किसान कल्याण और विकास से जुड़ी कई योजनाओं को मंजूरी दी। इनमें 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान जारी केन्द्र की प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल 6 हजार पांच सौ 20 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी देना शामिल है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

*ये साइंटिफिक तरीके अपनाने से किसानों की इन्कम में सुधार आता है इसीलिए जरूरी है कि इंटरनेशनल स्टैंडर्ड्स पे एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए फूड टेस्टिंग लैब्स की स्थापना की जाए। ओवरऑल आउटले बढ़ाया गया टू सिक्स थाउजेंड फाइव हैंड्रेड टवेंटी करोड रूपीज और उसमें से वन थाउजेंड करोड स्पेसिफिकली रखा गया फिफ्टी इरेडिएशन यूनिट्स एंड वन हैंड्रेड फुड टेस्टिंग लैब्स के लिए।*

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कल रबी सीजन-2025 के दौरान ओलावृष्टि से प्रभावित 22 हजार 617 किसानों को राहत देते हुए 52 करोड़ 14 लाख रुपए की मुआवजा राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा-

इस अवसर पर मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान किसानों की फसलों के नुकसान के लिए 5500 करोड़ रुपये वितरित किए थे, जबकि वर्तमान सरकार ने अब तक लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में फसल खराबे के 15,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष पोर्टल बंद करने की बात कहता है परंतु उन्हें इस बात का ज्ञान नहीं की यह पारदर्शिता पोर्टल के कारण ही सम्भव हुई है। पोर्टल की वजह से ही किसान का पूरा पैसा सीधे उसके बैंक खातों में पहुंच रहा है, लाभार्थियों को सीधे लाभ मिल रहा है।एक प्रश्न के उतर में उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां पर सब्जी किसानों के लिए भावांतर भरपाई योजना लागू की हुई है। किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के किसानों को जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने

कहा कि अत्याधिक रासायनिक खादों व कीटनाशकों के उपयोग से उत्पन्न अनाज से मानव के साथ-साथ पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दिया है।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की नई आधिकारिक वेबसाइट https://revenueharyana.gov.in/ का अनावरण किया।
मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस नई पहल से विभाग में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। और आम व्यक्ति सीधा लाभ ले सकेगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरल पोर्टल पर मिल रही नागरिक सेवाओं के लिए मास्टर पोर्टल के रूप में कार्य करेगा तथा राजस्व विभाग की 26 नागरिक सेवाएं एक ही मंच पर ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। इससे नागरिकों को राजस्व कार्यालयों में बार-बार चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि उच्च तकनीक वाली इस वेबसाइट में सिंगल साइन-ऑन जैसी विशेषताएं हैं। इसकी एक प्रमुख विशेषता है कि नागरिक अपने घर बैठे ही पंजीकरण आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने राजस्व रिकार्ड के डिजिटलाइजेंशन लिए एक नए युग की शुरुआत की है, जो अब पूरी तरह से जीआईएस-आधारित हैं, जिससे भूमि की स्थिति की वास्तविक समय पर निगरानी संभव हो पाएगी। राजस्व विभाग की वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राजस्व विभाग अगले महीने से और अधिक नवीन डिजिटल समाधान शुरू करने की योजना बना रहा है, जिसमें निजी संपत्ति पोर्टल, निशानदेही पोर्टल (डिजिटल सीमांकन और सीमा सत्यापन के लिए) और एक पेपरलेस पंजीकरण प्रणाली शामिल है, जो राज्य भर में संपत्ति पंजीकरण को सरल और डिजिटल बनाएगी।

*****************************************************************

रोहतक से हमारे संवाददाता दीपक खोखर के पिता 92 वर्षीय मास्टर रामधारी खोखर का कल शाम निधन हो गया। उन्होंने जाट स्कूल रोहतक में करीब 40 वर्ष तक सेवा दी। उनका अंतिम संस्कार आज शीला बाईपास स्थित रामबाग शमशान घाट में किया जा रहा है।

*****************************************************************